रजिस्ट्री सं० डी० एल०-33004/99 REGD. NO. D. L.-33004/99

भारत का राजपत्र
The Gazette of India

असाधारण
EXTRAORDINARY
भाग II—खण्ड 3—उप-खण्ड (ii)
PART II—Section 3—Sub-section (ii)
प्राधिकार से प्रकाशित
PUBLISHED BY AUTHORITY

सं. 2464] नई दिल्ली, मंगलवार, अगस्त 29, 2017/भाद्र 7, 1939
No. 2464] NEW DELHI, TUESDAY, AUGUST 29, 2017/BHADRA 7, 1939

पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय

अधिसूचना

नई दिल्ली, 28 अगस्त, 2017

का. आ. 2811(अ).—भारत सरकार, पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय की अधिसूचना सं. का. आ. 1277 (अ) तारीख 31 मार्च, 2016 उन सभी व्यक्तियों से, जिनके उससे प्रभावित होने की संभावना थी, उस तारीख से, जिसको उस राजपत्र की प्रतियां, जिसमें यह अधिसूचना अंतर्विष्ट है, उपलब्ध करा दी गई थीं, साठ दिन की अवधि के भीतर आक्षेपों और सुझावों को आमंत्रित करते हुए एक प्रारूप अधिसूचना प्रकाशित की गई थी;

और, प्रारूप अधिसूचना अन्तर्विष्ट करने वाले राजपत्र की प्रतियां जनता को तारीख 31 मार्च, 2016 को उपलब्ध करा दी गई थीं;

और, प्रारूप अधिसूचना के प्रतिउत्तर में सभी व्यक्तियों और पणधारियों से प्राप्त आक्षेपों और सुझावों पर केंद्रीय सरकार द्वारा सम्यक् रूप से विचार किया गया;

और, संजय डुबरी बाघ संरक्षित जिसमें संजय राष्ट्रीय उद्यान और संजय डुबरी वन्यजीव अभयारण्य सम्मिलित हैं जो 1674.512 वर्ग किलोमीटर में फैला है जिसमें से 812.581 वर्ग किलोमीटर का क्षेत्र बाघ संरक्षित का कोर क्षेत्र है और 861.931 वर्ग किलोमीटर का क्षेत्र बफर क्षेत्र है और बाघ संरक्षित का क्षेत्र, जिसके अंतर्गत दोनों कोर और बफर क्षेत्र सम्मिलित हैं, मध्य प्रदेश और छत्तीसगढ़ राज्यों में फैला हैं;

और, संजय राष्ट्रीय उद्यान (464.643 वर्ग किलोमीटर) और संजय डुबरी वन्यजीव अभयारण्य (347.938 वर्ग किलोमीटर) मध्य प्रदेश में स्थित हैं और दोनों संरक्षित क्षेत्र एक साथ मिलकर, संजय डुबरी बाघ के कोर क्षेत्र को गठित करते हैं, जो 812.581 वर्ग किलोमीटर में फैले हुए है;

और, संजय राष्ट्रीय उद्यान और संजय डुबरी वन्यजीव अभयारण्य में सूखे से आर्द्र पर्णपाती प्रकार के प्रायद्वीय वनस्पति हैं जो कि खुले से अधिक घने वन क्षेत्रों के लिए जाने जाते हैं;

और, संजय राष्ट्रीय उद्यान और संजय डुबरी वन्यजीव अभयारण्य बांधवगढ़-संजय-गुरु घासीदास-पलामू परिदृश्य का भाग है जो कि चार संभावित बाघ मेटा-जनसंख्या परिदृश्य में से एक है;

और, संजय राष्ट्रीय उद्यान और संजय डुबरी वन्यजीव अभयारण्य बाघ के लिए बांधवगढ बाघ आरक्षिती के साथ गलियारे की संयोजकता प्रदान करता है और जंगली हाथियों के लिए पलामू बाघ आरक्षित के साथ गलियारे की संयोजकता प्रदान करता है;

और, संजय राष्ट्रीय उद्यान और संजय डुबरी वन्यजीव अभयारण्य विभिन्न प्रकार के जीवजन्तुओं का वास है; यह 9 संकटापन्न (3 गंभीर रूप से लुप्तप्राय, 3 लुप्तप्राय और 3 कमजोर) और 15 अनुसूची-I पशुओं को आश्रय प्रदान करता है; उक्त आरक्षिती में बाघ, तेंदुआ और रीछ की प्रमुख प्रजातियां पाई जाती हैं; उक्त आरक्षिती में कभी-कभी हाथियों के झुंडों के झुंड का प्रमुख आकर्षण होते हैं, जबकि चीतल, नीलगाय, सांभर, चौसिंगा, चिंकारा, मुंजक और जंगली सूअर प्रमुख शिकार प्रजाति हैं; संजय डुबरी वन्यजीव अभयारण्य के डुबरी और बस्तुआ श्रेणी और संजय राष्ट्रीय उद्यान के पोंडी श्रेणी में बाघ की जनसंख्या के लिए आश्रय प्रदान करते हैं, जबकि राष्ट्रीय उद्यान की मोहन श्रेणी हाथियों की जनसंख्या के लिए है;

और, विभिन्न बारहमासी नदियां अर्थात् गोपद, बनस, मवाई, महान, कोडमर, उमरारी संजय राष्ट्रीय उद्यान और संजय डुबरी वन्यजीव अभयारण्य से होते हुए बहती है;

और, संजय राष्ट्रीय उद्यान और संजय डुबरी वन्यजीव अभयारण्य में जीवजंतु की व्यापक विविधता है जिसमें बाघ, तेंदुआ, रीछ, चीतल, सांभर, चौसिंगा मृग, चिंकारा, मुंजक और जंगली सूअर सम्मिलित हैं;

और, संजय राष्ट्रीय उद्यान और संजय डुबरी वन्यजीव अभयारण्य के चारों ओर के क्षेत्र को, जिसका विस्तार और सीमाएं इस अधिसूचना के पैरा 1 में विनिर्दिष्ट हैं, जो पारिस्थितिक तथा पर्यावरण की दृष्टि से पारिस्थितिक संवेदी जोन के रूप में पूर्वोक्त बाघ अभ्यारण्य के कोर क्षेत्र को साथ-साथ गठित करता है सुरक्षित और संरक्षित करना तथा उक्त पारिस्थितिक संवेदी जोन में उद्योगों या उद्योगों के वर्गो के प्रचालन तथा प्रसंस्करण करने को प्रतिषिद्ध करना आवश्यक है;

अतः, इसलिए, केन्द्रीय सरकार, पर्यावरण (संरक्षण) नियम, 1986 के नियम 5 के उपनियम (3) के साथ पठित पर्यावरण (संरक्षण) अधिनियम, 1986 (1986 का 29) की धारा 3 की उपधारा (2) और उपधारा (3) के खंड (v) और खंड (xiv) और उपधारा (1) द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, मध्य प्रदेश और छत्तीसगढ़ राज्यों में फैले संजय राष्ट्रीय उद्यान और संजय डुबरी वन्यजीव अभयारण्य जो बाघ संरक्षिती के कोर क्षेत्र को गठित करते है, की सीमा से 2 किलोमीटर तक की विस्तारित क्षेत्र को संजय राष्ट्रीय उद्यान और संजय डुबरी वन्यजीव अभयारण्य पारिस्थितिक संवेदी जोन (जिसे इसमें इसके पश्चात् पारिस्थितिक संवेदी जोन कहा गया है) के रूप में अधिसूचित करती है, जिसका विवरण निम्नानुसार है, अर्थात् :--

1.**पारिस्थितिक संवेदी जोन का विस्तार और उसकी सीमाएं--(1)** पारिस्थितिक संवेदी जोन का विस्तार संजय राष्ट्रीय उद्यान और संजय डुबरी वन्यजीव अभयारण्य जो संजय डुबरी बाघ आरक्षित के कोर क्षेत्र को गठित करते है, की सीमा से 2 किलोमीटर तक होगा।

(2) पारिस्थितिक संवेदी जोन 1053.243 वर्ग किलोमीटर के क्षेत्र में फैला है, जिसके अंतर्गत संजय डुबरी बाघ आरक्षित का 861.931 वर्ग किलोमीटर का बफर क्षेत्र और जिसमें छत्तीसगढ़ राज्य का 32.759 वर्ग किलोमीटर का क्षेत्र सम्मिलित है।

(3) मुख्य बिंदुओं के निर्देशांकों के साथ पारिस्थितिक संवेदी जोन का मानचित्र **उपाबंध I** के रूप में उपाबद्ध है ।

(4) पारिस्थितिक संवेदी जोन में मध्य प्रदेश के तीन जिले अर्थात शहडोल, सिद्धि और सिंगरौली के 98 ग्रामों और छत्तीसगढ़ के महेन्द्रगढ़ जिले के 3 ग्राम सम्मिलित हैं।

(5) पारिस्थितिक संवेदी जोन के अंतर्गत आने वाले ग्रामों की सूची **उपाबंध II** के रूप में उपाबद्ध है ।

(6) पारिस्थितिक संवेदी जोन का क्षेत्र **उपाबंध III** के रूप में उपाबद्ध है ।

2. पारिस्थितिक संवेदी जोन के लिए आंचलिक महायोजना – (1) राज्य सरकार, पारिस्थितिक संवेदी जोन के प्रयोजन के लिए राजपत्र में इस अधिसूचना के प्रकाशन की तारीख से दो वर्ष की अवधि के भीतर, स्थानीय व्यक्तियों के परामर्श से और राज्य सरकार में सक्षम प्रधिकारी के अनुमोदन के लिए इस अधिसूचना में दिए गए अनुबंधों का पालन करते हुए आंचलिक महायोजना तैयार करेगी।

(2) राज्य सरकार द्वारा पारिस्थितिक संवेदी जोन के लिए आचंलिक महायोजना ऐसी रीति जो इस अधिसूचना में विनिर्दिष्ट है तथा सुसंगत केंद्रीय और राज्य विधियों के अनुरुप और केंद्रीय सरकार द्वारा जारी मार्गनिर्देशों, यदि कोई हों, द्वारा तैयार होगी ।

और केंद्रीय सरकार द्वारा जारी मार्गनिर्देशों, यदि कोई हों, द्वारा तैयार होगी ।

(3) आंचलिक महायोजना, पारिस्थितिक और पर्यावरणीय संबंधी बातों को उक्त योजना में समाकलित करने के लिए राज्य सरकार के सभी विभागों के परामर्श से तैयार होगी, अर्थात्:--

(i) पर्यावरण;
(ii) वन और वन्यजीव;
(iii) कृषि और बागवानी ;

(iv) राजस्व;

(v) शहरी विकास;

(vi) पर्यटन सहित पारिस्थितिक पर्यटन;

(vii) ग्रामीण विकास;

(viii) सिंचाई और बाढ़ नियंत्रण;

(ix) नगरपालिक और शहरी विकास;

(x) पंचायती राज;

(xi) लोक निर्माण विभाग।

(4) आंचलिक महायोजना अनुमोदित विद्यमान भू-उपयोग, अवसंरचना और क्रियाकलापों पर कोई निर्बंधन अधिरोपित नहीं करेगी जब तक कि इस अधिसूचना में इस प्रकार विनिर्दिष्ट न हो और आचंलिक महायोजना सभी अवसंरचना और क्रियाकलापों में जो अधिक दक्षता और पारिस्थितिक अनुकूल हों का संवर्धन करेगी ।

(5) आंचलिक महायोजना में अनाच्छादित क्षेत्रों के जीर्णोद्धार, विद्यमान जल निकायों के संरक्षण, आवाह क्षेत्रों के प्रबंधन, जल-संभरों के प्रबंधन, भूतल जल के प्रबंधन, मृदा और नमी संरक्षण, स्थानीय समुदायों की आवश्यकताओं तथा पारिस्थितिक और पर्यावरण से संबंधित ऐसे अन्य पहलुओं, जिन पर ध्यान देना आवश्यक है, के लिए उपबंध होंगे ।

(6) आंचलिक महायोजना सभी विद्यमान पूजा स्थलों, ग्रामों और नगरीय बंदोबस्तों, वनों के प्रकार और किस्मों, कृषि क्षेत्रों, ऊपजाऊ भूमि, हरित क्षेत्र जैसे उद्यान और उसी प्रकार के स्थान, उद्यान कृषि क्षेत्र, फलोउद्यान, झीलों और अन्य जल निकायों का अभ्यकंन करेगी और इस योजना के मानचित्र के साथ विद्यमान और प्रस्तावित भूमि उपयोग विशेषताओं का विवरण संलग्न होगा ।

(7) आंचलिक महायोजना पारिस्थितिक संवेदी जोन में विकास को विनियमित करेगा और अनुच्छेद 4 में सारणी में सूचीबद्ध प्रनिषिद्ध, विनियमित क्रियाकलापों का पालन करेगा और स्थानीय समुदायों की आजीविका सुरक्षा के लिए पर्यावरण अनुकूल विकास को सुनिश्चित करने को बढ़ावा देगा।

(8) इस प्रकार अनुमोदित आंचलिक महायोजना इस अधिसूचना के उपबंधों के अनुसार मानीटरी के अपने कृत्यों को करने के लिए मानीटरी समिति के लिए एक संदर्भ दस्तावेज होगी ।

3. **राज्य सरकार द्वारा किए जाने वाले उपाय--** राज्य सरकार इस अधिसूचना के उपबंधों को प्रभावी करने के लिए निम्नलिखित उपाय करेगी, अर्थात्:--

(1) **भू-उपयोग –** (क) पारिस्थितिक संवेदी जोन में वनों, उद्यान-कृषि क्षेत्रों, कृषि क्षेत्रों, आमोद-प्रमोद के प्रयोजन के लिए चिन्हित किए गए पार्कों और खुले स्थानों का वृहद वाणिज्यिक या आवासीय काम्पलैक्स औद्योगिक क्रियाकलापों के लिए उपयोग या संपरिवर्तन नहीं होगा:

परंतु पारिस्थितिक संवेदी जोन के भीतर भाग में कृषि और अन्य भूमि का संपरिवर्तन मानीटरी समिति की सिफारिश पर राज्य सरकार के पूर्व अनुमोदन से, स्थानीय निवासियों की निम्नलिखित आवासीय जरूरतों को पूरा करने के लिए अनुज्ञात किया जाएगा, जैसे:-

(i) विद्यमान सड़कों को चौड़ा करना और उन्हें सुदृढ करना तथा नई सड़कों का संनिर्माण;

(ii) अवसंरचना और नागरिक सुविधाओं का संनिर्माण और नवीकरण;

(iii) प्रदूषण उत्पन्न न करने वाले लघु उद्योग;

(iv) कुटीर उद्योगों जिसके अंतर्गत ग्रामीण उद्योग हैं; सुविधाजनक भण्डार और स्थानीय सुख-सुविधाओं जो पारिस्थितिक पर्यटन में सहायक हैं जिसमें गृह वास सम्मिलित है; और

(v) संवर्धित क्रियाकलाप और पैरा 4 के अधीन दिए गए हैं:

परंतु यह और भी कि राज्य सरकार के पूर्व अनुमोदन तथा संविधान के अनुच्छेद 244 और तत्समय प्रवृत्त विधि के उपबंधों के अनुपालन के बिना, जिसके अंतर्गत अनुसूचित जनजाति और अन्य परंपरागत वन निवासी (वन अधिकारों की मान्यता) अधिनियम, 2006 (2007 का 2) भी है, वाणिज्यिक या उद्योग विकास क्रियाकलापों के लिए जनजातीय भूमि का उपयोग अनुज्ञात नहीं होगा:

परंतु यह और भी कि पारिस्थितिक संवेदी जोन के भीतर भू-अभिलेखों में प्रकट होने वाली कोई त्रुटि, मानीटरी समिति के विचार प्राप्त करने के पश्चात् राज्य सरकार द्वारा प्रत्येक मामले में एक बार संशोधित होगी और उक्त त्रुटि के संशोधन की सूचना केंद्रीय सरकार के पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय को देनी होगी ।

परंतु यह और भी कि उपर्युक्त त्रुटि के संशोधन में इस उप-पैरा के अधीन यथा-उपबंधित के सिवाय किसी भी दशा में भू-उपयोग का परिवर्तन सम्मिलित नहीं होगा :

परंतु यह और भी कि जिससे हरित क्षेत्र में जैसे वन क्षेत्र, कृषि क्षेत्र आदि में कोई पारिणामिक कटौती नहीं होगी और वनरोपण तथा विरासत और जैव विविधता संबंधी क्रियाकलापों के साथ अनप्रयुक्त या अनुत्पादक कृषि क्षेत्रों में पुन: वनीकरण करने के प्रयास किए जाएंगे ।

(2) **प्राकृतिक जल स्रोतों** -- आचंलिक महायोजना में सभी प्राकृतिक जल स्रोतों, नदियों या जलसरणी के आवाह क्षेत्र की पहचान की जाएगी और उसमें उनके संरक्षण और पुनरुद्भूतकरण के लिए योजना सम्मिलित होगी ।

(3) **पर्यटन/पारिस्थितिक पर्यटन –** (क) पारिस्थितिक संवेदी जोन के भीतर सभी नए पारिस्थितिक पर्यटन क्रियाकलाप या विद्यमान पर्यटन संबंधी क्रियाकलाप पारिस्थितिक संवेदी जोन के लिए पर्यटन महायोजना के अनुसार होंगे ।

(ख) पर्यटन महायोजना पर्यटन विभाग, द्वारा राज्य सरकार के पर्यावरण और वन विभाग के परामर्श से तैयार होगी ।

(ग) पर्यटन महायोजना आंचलिक महायोजना के एक घटक के रूप में होगी ।

(घ) पारिस्थितिक पर्यटन संबंधी क्रियाकलाप निम्नलिखित के अधीन विनियमित होंगे, अर्थात्:-

(i) संजय राष्ट्रीय उद्यान और संजय डुबरी वन्यजीव अभयारण्य की सीमा से एक किलोमीटर के भीतर या पारिस्थितिक संवेदी जोन के विस्तार तक, जो भी निकट हो, किसी होटल या रिसोर्ट का नया संन्निर्माण अनुज्ञात नहीं किया जाएगा तथा संजय राष्ट्रीय उद्यान और संजय डुबरी वन्यजीव अभयारण्य की सीमा से एक किलोमीटर की दूरी से परे पारिस्थितिक संवेदी जोन के विस्तार तक नए होटलों और रिसोर्टों की स्थापना पर्यटन महायोजना के अनुसार पारिस्थितिक पर्यटन सुविधाओं के लिए पूर्व सीमांकित और पदाभिहित क्षेत्रों में ही अनुज्ञात की जाएगी।

(ii) पारिस्थितिक संवेदी जोन के अन्दर सभी नए पर्यटन क्रिया-कलाप या विद्यमान पर्यटन क्रियाकलापों के विस्तार केन्द्रीय सरकार, पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय द्वारा जारी मार्गदर्शी सिद्धांतों तथा पारिस्थितिक पर्यटन पर बल देते हुए राष्ट्रीय बाघ संरक्षण प्राधिकरण द्वारा जारी पारिस्थितिक पर्यटन मार्गदर्शी सिद्धांतों (समय-समय पर यथा-संशोधित) के अनुसार होगा ।

(iii) आंचलिक महायोजना का अनुमोदन किए जाने तक, पर्यटन के लिए विकास और विद्यमान पर्यटन क्रियाकलापों के विस्तार को वास्तविक स्थल विनिर्दिष्ट संवीक्षा तथा मानीटरी समिति की सिफारिश पर आधारित संबंधित विनियामक प्राधिकरणों द्वारा अनुज्ञात किया होगा ।

(4) **नैसर्गिक विरासत --** पारिस्थितिक संवेदी जोन में महत्वपूर्ण नैसर्गिक विरासत के सभी स्थलों जैसे सभी जीन कोश आरक्षित क्षेत्र, शैल विरचनाएं, जल प्रपातों, झरनों, घाटी मार्गों, उपवनों, गुफाएं, स्थलों, भ्रमण, अश्वरोहण, प्रपातों आदि की पहचान की जाएगी और विरासत संरक्षण योजना आंचलिक महायोजना के भाग के रुप में परिरक्षण और संरक्षण के लिए तैयार की जाएगी ।

(5) **मानव निर्मित विरासत स्थल -** पारिस्थितिक संवेदी जोन में भवनों, संरचनाओं, शिल्प-तथ्य, ऐतिहासिक, कलात्मक और सांस्कृतिक महत्व के क्षेत्रों की पहचान और उनके संरक्षण के लिए विरासत योजना आंचलिक महायोजना के भाग के रुप में तैयार की जाएगी ।

(6) **ध्वनि प्रदूषण** -- पारिस्थितिक संवेदी जोन में ध्वनि प्रदूषण की रोकथाम और नियंत्रण का पर्यावरण (संरक्षण) अधिनियम, 1986, के अधीन ध्वनि प्रदूषण (विनियमन और नियंत्रण) नियम 2000 के अनुसार अनुपालन किया जाएगा ।

(7) **वायु प्रदूषण** -- पारिस्थितिक संवेदी जोन में, वायु प्रदूषण का निवारण और नियंत्रण वायु (प्रदूषण निवारण और नियंत्रण) अधिनियम, 1981 (1981 का 14) के उपबंधों के अनुसरण में अनुपालन किया जाएगा।

(8) **बहिस्राव का निस्सारण** -- पारिस्थितिक संवेदी जोन में उपचारित बहिस्राव का निस्सारण पर्यावरण (संरक्षण) अधिनियम, 1986 और उसके अधीन बनाए गए नियमों के उपबंधों के अधीन आने वाले पर्यावरणीय प्रदूषकों के निस्सारण के लिए साधारण मानकों के अनुसार होगा ।

(9) **ठोस अपशिष्ट --** ठोस अपशिष्टों का निपटान और प्रबंधन निम्नलिखित रूप में होगा--

(क) पारिस्थितिक संवेदी जोन में ठोस अपशिष्ट निपटान और प्रबंधन समय-समय पर संशोधित ठोस अपशिष्ट प्रबंधन नियम, 2016, जो भारत सरकार के पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय की अधिसूचना सं. का.आ. 1357(अ) तारीख 8 अप्रैल, 2016 द्वारा प्रकाशित किए गए थे, के उपबंधों के अनुसार किया जाएगा ;

अकार्बनिक सामग्री का निपटान पारिस्थितिक संवेदी जोन के बाहर पहचान किए गए स्थल पर किसी पर्यावरणीय स्वीकृत रीति में होगा;

(ख)पारिस्थितिक संवेदी जोन के अंतर्गत ठोस अपशिष्टों के सुरक्षित और पर्यावरणीय ध्वनि प्रबंधन) ईएसएम (की पहचान की गई तकनीकों के उपयोग की विद्यमान नियमों और विनियमों के अनुरूप अनुमति दी जाएगी।

(10) **जैव चिकित्सीय अपशिष्ट**- जैव चिकित्सीय अपशिष्ट प्रबंधन निम्नलिखित रूप में होगा—

(क) पारिस्थितिक संवेदी जोन में जैव चिकित्सीय अपशिष्टों का निपटान भारत सरकार के पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय की समय-समय पर यथा संशोधित अधिसूचना सं.का.नि 343 (अ) तारीख 28 मार्च 2016 द्वारा प्रकाशित जैव चिकित्सीय अपशिष्ट प्रबंध नियम, 2016 के उपबंधों के अनुसार किया जाएगा ।

(ख) पारिस्थितिक संवेदी जोन के अंतर्गत जैव-चिकित्सा अपशिष्टों के सुरक्षित और पर्यावरणीय ध्वनि प्रबंधन) ईएसएम (की पहचान की गई तकनीकों के उपयोग की विद्यमान नियमों और विनियमों के अनुरूप अनुमति दी जाएगी।

(11) **प्लास्टिक अपशिष्ट प्रबंधन: -** पारिस्थितिक संवेदी जोन में प्लास्टिक अपशिष्ट प्रबंध का निपटान भारत सरकार के पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय की अधिसूचना सा.का.नि 340(अ), तारीख 18 मार्च, 2016 द्वारा प्रकाशित प्लास्टिक अपशिष्ट प्रबंध नियम 2016 के उपबंधों के अनुसार किया जाएगा।

(12) **संनिर्माण और विध्वंस अपशिष्ट प्रबंधन: -** पारिस्थितिक संवेदी जोन में संनिर्माण और विध्वंस अपशिष्ट प्रबंध भारत सरकार के पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय की अधिसूचना सा.का.नि 317(अ), तारीख 29 मार्च, 2016 द्वारा प्रकाशित संनिर्माण और विध्वंस प्रबंध नियम, 2016 के उपबंधों के अनुसार किया जाएगा ।

(13) **ई–अपशिष्ट:-** पारिस्थितिक संवेदी जोन में ई–अपशिष्ट प्रबंध का निपटान भारत सरकार के पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय द्वारा ई–अपशिष्ट प्रबंध नियम, 2016 के उपबंधों के अनुसार किया जाएगा।

(14) **यानीय परिवहन: -** परिवहन की यानीय संचालन आवास के अनुकूल रीति में विनियमित होंगी और इस संबंध में आंचलिक महायोजना में विनिर्दिष्ट उपबंध समाविष्ट किए जाएंगे और आंचलिक महायोजना के तैयार होने और राज्य सरकार के सक्षम प्राधिकारी द्वारा के अनुमोदित होने तक, मानीटरी समिति सुसंगत अधिनियमों तथा तदधीन बनाए गए नियमों और विनियमों के अधीन यानीय संचलन के अनुपालन को मानीटर करेगी ।

(15) **यानीय प्रदूषण:-** लागू विधियों के अनुसार यानीय प्रदूषण की रोकथाम और नियंत्रण का अनुपालन किया जाएगा और स्वच्छक ईंधन उदाहरण के लिए सीएनजी आदि, के उपयोग के लिए प्रयास किए जाएगे ।

(16) **औद्योगिक ईकाइयां: -** (i) पारिस्थितिक संवेदी जोन के भीतर किन्ही नए प्रदूषणकारी उद्योगों की स्थापना की अनुमति नहीं दी जाएगी।

(ii) पारिस्थितिक संवेदी जोन में केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड द्वारा फरवरी, 2016 में जारी दिशानिर्देशों में केवल गैर- केवल अप्रदूषणकारी उद्योगों की स्थापना को वर्गीकरण के अनुसार अनुमति दी जाएगी, जब तक कि इस अधिसूचना में इस प्रकार विनिर्दिष्ट न हो।

(17) **पहाड़ी ढलानों का संरक्षण: -** पहाड़ी ढलानों का संरक्षण निम्नानुसार है:-

(क) आंचलिक महायोजना में पहाड़ी ढलानों पर क्षेत्रों को उपदर्शित किया जाएगा जहां किसी भी संनिर्माण की अनुमति नहीं दी जाएगी ।

(ख) कटाव के एक उच्च डिग्री के साथ विद्यमान खड़ी पहाड़ी ढलानों या ढलानों पर किसी भी संनिर्माण की अनुमति नहीं दी जाएगी ।

(18) केन्द्रीय सरकार और राज्य सरकार, यदि यह आवश्यक समझती है, इस अधिसूचना के उपबंधों को प्रभावी करने में अन्य उपाय विनिर्दिष्ट करेगा।

IndiaCode

4. पारिस्थितिक संवेदी जोन में प्रतिषिद्ध या विनियमित किए जाने वाले क्रियाकलापों की सूची - पारिस्थितिक संवेदी जोन में सभी क्रियाकलाप पर्यावरण (संरक्षण) अधिनियम, 1986 (1986 का 29) के उपबंधों और तटीय विनियमन जोन (सीआरजेड), 2011 और पर्यावरणीय प्रभाव आकलन (ईआईए) अधिसूचना, 2006 और अन्य लागू विधियों जिसके अन्तर्गत वन (संरक्षण) अधिनियम, 1980 (1980 के 69), भारतीय वन अधिनियम, 1927 (1927 के 16), वन्यजीव (संरक्षण) अधिनियम, 1972 (1972 के 53) के उपबंधों तथा उनमें किए गए संशोधनों द्वारा शासित होंगे और नीचे दी गई सारणी में विनिर्दिष्ट रीति में विनियमित होंगे, अर्थात् :--

सारणी

क्रम सं.	क्रियाकलाप	टीका-टिप्पणी
	क. प्रतिषिद्ध क्रियाकलाप	
1.	वाणिज्यिक खनन, पत्थर उत्खनन और उनको तोड़ने की इकाइयां ।	(क) सभी नए और विद्यमान खनन (लघु और वृहत खनिज), पत्थर की खानें और उनको तोड़ने की इकाइयां वास्तविक स्थानीय निवासियों की घरेलू आवश्यकताओं के सिवाय नहीं होंगी जिसमें निजी उपयोग के लिए मकानों के संन्निर्माण या मरम्मत के लिए भूमि को खोदना और मकान बनाने के लिए देशी टाइलों का निर्माण भी सम्मिलित है; (ख) खनन संक्रियाएं, माननीय उच्चतम न्यायालय की रिट याचिका (सिविल) सं. 1995 का 202 टी.एन. गौडाबर्मन थिरुमूलपाद बनाम भारत संघ के मामले में आदेश तारीख 4 अगस्त, 2006 और रिट याचिका (सिविल) सं. 2012 का 435 गोवा फाउंडेशन बनाम भारत संघ के मामले में तारीख 21 अप्रैल, 2014 के अंतरिम आदेश के सर्वदा अनुसरण में होंगी ।
2.	प्रदूषण (जल या वायु या मृदा या ध्वनि, आदि) कारित करने वाले उद्योगों की स्थापना ।	(क) कोई नया उद्योग या पारिस्थितिक संवेदी जोन में प्रदूषण फैलाने वाले उद्योगों के विस्तार की अनुमति नहीं दी जाएगी। (ख) पारिस्थितिक संवेदी जोन के भीतर केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड द्वारा फरवरी, 2016 में जारी दिशानिर्देशों में सिर्फ गैर- प्रदूषित उद्योगों को स्थापना के अनुसार अनुज्ञात किया जाएगा, जब तक कि इस अधिसूचना में इस प्रकार विनिर्दिष्ट न हो।
3.	बृहत जल विद्युत परियोजना की स्थापना ।	लागू विधियों के अनुसार प्रतिषिद्ध (अन्यथा उपबंधित के सिवाय) होंगे ।
4.	किसी परिसंकटमय पदार्थों का उपयोग या उत्पादन या प्रस्संकरण ।	लागू विधियों के अनुसार प्रतिषिद्ध (अन्यथा उपबंधित के सिवाय) होंगे ।
5.	प्राकृतिक जल निकायों या सतही क्षेत्र में अनुपचारित बहिर्स्राव का निस्सारण ।	लागू विधियों के अनुसार प्रतिषिद्ध (अन्यथा उपबंधित के सिवाय) होंगे ।
6.	फर्मों, कंपनियों द्वारा बड़े पैमाने पर वाणिज्यिक पशुधन संपदा और कुक्कुट फार्मों की स्थापना ।	स्थानीय जरूरतों को पूरा करने के सिवाय लागू विधियों के अनुसार प्रतिषिद्ध (अन्यथा उपबंधित के सिवाय) होंगे।
7.	नई आरा मिलों की स्थापना।	पारिस्थितिक संवेदी जोन के भीतर नई या विद्यमान आरा मिलों का विस्तार अनुज्ञात नहीं होगा ।
8.	ईंट भट्टों की स्थापना करना।	लागू विधियों के अनुसार प्रतिषिद्ध (अन्यथा उपबंधित के सिवाय) होंगे ।
9.	पोलिथीन बैगों का उपयोग ।	लागू विधियों के अनुसार प्रतिषिद्ध (अन्यथा उपबंधित के सिवाय) होंगे ।
10.	जलावन लकड़ी का वाणिज्यिक उपयोग।	लागू विधियों के अनुसार प्रतिषिद्ध (अन्यथा उपबंधित के सिवाय) होंगे ।
11.	नए काष्ठ आधारित उद्योग ।	लागू विधियों के अनुसार प्रतिषिद्ध (अन्यथा उपबंधित के सिवाय) होंगे ।
	ख. विनियमित क्रियाकलाप	
12.	होटल और रिसोर्ट का वाणिज्यिक स्थापना ।	पारिस्थितिक अनुकूल पर्यटन क्रियाकलाप के लिए लघु अस्थायी संरचनाओं के सिवाय नए वाणिज्यिक होटलों और रिसोर्टों को संरक्षित क्षेत्र की सीमा के एक कि.मी. के भीतर या पारिस्थितिक संवेदी जोन के विस्तार तक, जो भी निकट हो अनुज्ञात नहीं किया जाएगा : परन्तु संरक्षित क्षेत्र की सीमा से एक किलोमीटर से परे या पारिस्थितिक संवेदी जोन के विस्तार तक, जो भी निकट हो, सभी नए पर्यटन क्रियाकलापों या विद्यमान क्रियाकलापों का विस्तार यथा लागू पर्यटन महायोजना तथा

		मार्गदर्शी सिद्धांतों के अनुरुप होगा ।
13.	संनिर्माण क्रियाकलाप ।	(क) संरक्षित क्षेत्र की सीमा से एक किलोमीटर के भीतर या पारिस्थितिक संवेदी जोन के विस्तार तक जो भी निकट हो, किसी भी प्रकार का वाणिज्यिक संनिर्माण अनुज्ञात नहीं किया जाएगा: परंतु स्थानीय लोगों को पैरा 3 के उप पैरा (1) में सूचीबद्ध क्रियाकलापों सहित उनके उपयोग के लिए उनकी भूमि में स्थानीय निवास्यों की आवासीय आवश्यकताओं को पूरा करने लिए संनिर्माण करने की अनुमति भवन उपविधियों के अनुसार दी जाएगी । (i) विद्यमान सड़कों को चौड़ा करना और उन्हें सुदृढ करना तथा नई सड़कों का संनिर्माण; (ii) बुनियादी ढांचों और नागरिक सुख-सुविधाओं का संनिर्माण और नवीकरण; (iii) फरवरी, 2016 में केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड द्वारा किए गए वर्गीकरण के अनुसार परिभाषित गैर- प्रदूषणकारी लघु उद्योग; (iv) कुटीर उद्योगों जिनके अंतर्गत ग्रामीण उद्योग हैं; सुविधा भण्डार और स्थानीय सुख सुविधाओं जो पारिस्थितिक पर्यटन में जिस में ग्रह वास भी है सहायक हो; और (v) इस अधिसूचना में सूचीबद्ध संवर्धित क्रियाकलापों की सूची : (ख) परन्तु ऐसे लघु उद्योगों जो प्रदूषण उत्पन्न नहीं करते हैं, से संबंधित संनिर्माण क्रियाकलाप विनियमित किए जाएंगे और लागू नियमों और विनियमों, यदि कोई हों, के अनुसार सक्षम प्राधिकारी की पूर्व अनुमति से ही न्यूनतम पर रखे जाएंगे । (ग) एक किलोमीटर से आगे वह आंचलिक महायोजना की अनुसार विनियमित होंगे ।
14.	प्रदूषण उत्पन्न न करने वाले लघु उद्योग ।	फरवरी, 2016 में केन्द्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड द्वारा जारी उद्योगों में वर्गीकरण के अनुसार गैर-प्रदूषणकारी उद्योग और अपरिसंकट में, लघु और सेवा उद्योग, कृषि, पुष्प कृषि, उद्यान कृषि या पारिस्थितिक संवेदी जोन से देशी सामग्री से उत्पादों को उत्पन्न करने वाले कृषि आधारित उद्योग सक्षम प्राधिकारी द्वारा अनुज्ञात होंगे।
15.	बकरी और भेड़ की वाणिज्यिक पालन।	लागू विधियों के अधीन विनियमित होगी ।
16.	वृक्षों की कटाई ।	(क) राज्य सरकार में सक्षम प्राधिकारी की पूर्व अनुमति के बिना वन, सरकारी या राजस्व या निजी भूमि पर वृक्षों की कोई कटाई नहीं होगी । (ख) वृक्षों की कटाई संबंधित केंद्रीय या राज्य अधिनियम या उसके अधीन बनाए गए नियमों के उपबंध के अनुसार विनियमित होगी ।
17.	वन उत्पादों और गैर काष्ठ वन उत्पादों का संग्रहण (एनटीएफपी) ।	लागू विधियों के अधीन विनियमित होंगे ।
18.	प्रवासी चरवाहे।	लागू विधियों के अधीन विनियमित होंगे ।
19.	विद्युत और दूरसंचार टावरों का परिनिर्माण और केबल बिछाना और अन्य बुनियादी ढांचे ।	लागू विधियों के अधीन विनियमित होंगे । भूमिगत केबल बिछाए जाने को बढ़ावा दिया जाएगा।
20.	नागरिक सुविधाओं सहित बुनियादी ढांचे।	लागू विधियों नियमों और विनियमों मार्गी सिद्धांतों के अनुसार न्यूनीकरण की उपायों के साथ, और उपलब्ध किए जाएंगे ।
21.	विद्यमान सड़कों को चौड़ा करना और उन्हें सुदृढ करना तथा नई सड़कों का संन्निर्माण ।	लागू विधियों नियमों और विनियमों मार्गी सिद्धांतों के अनुसार न्यूनीकरण की उपायों के साथ, और उपलब्ध किए जाएंगे ।
22.	पर्यटन से संबंधित क्रियाकलाप करना जैसे गर्म हवा के गुब्बारे, हेलीकाप्टर, ड्रोन, माइक्रोलाइटस आदि द्वारा पारिस्थितिक संवेदी जोन क्षेत्र के ऊपर से उड़ना	लागू विधियों के अधीन विनियमित होंगे ।

23.	पहाड़ी ढालों और नदी तटों का संरक्षण ।	लागू विधियों के अधीन विनियमित होंगे ।
24.	रात्रि में यानीय यातायात का संचलन ।	लागू विधियों के अधीन वाणिज्यिक प्रयोजन के लिए विनियमित होंगे ।
25.	स्थानीय समुदायों द्वारा चलाई जा रही कृषि और बागवानी प्रथाओं के साथ पशुपालन, पशुपालन कृषि, जलकृषि और मछली पालन।	स्थानीय लोगों के उपयोग के लिए लागू विधियों के अधीन विनियमित होंगे ।
26.	प्राकृतिक जल निकायों या सतही क्षेत्र में उपचारित अपशिष्ट जल/बहिर्स्राव का निस्सारण ।	उपचारित अपशिष्ट जल/बहिर्स्राव का निस्सारण जल निकायों में प्रवेश नहीं करने दिया जाएगा। उपचारित अपशिष्ट जल के पुनर्चक्रण और पुन:उपयोग के लिए प्रयास किए जाएंगे। उपचारित अपशिष्ट जल/बहिर्स्रावों का निस्सारण लागू विधियों के अनुसार विनियमित किया जाएगा ।
27.	सतह और भूजल का वाणिज्यिक निष्कर्षण ।	लागू विधियों के अधीन विनियमित होंगे ।
28.	खुले कुआ, बोर कुआ, आदि के लिए कृषि और अन्य उपयोग ।	लागू विधियों के अधीन विनियमित और क्रियाकलापों की समुचित प्राधिकारी द्वारा मानीटरी की जाएगी।
29.	ठोस अपशिष्ट प्रबंधन/जैव-चिकित्सीय अपशिष्ट प्रबंधन।	लागू विधियों के अधीन विनियमित होंगे ।
30.	विदेशी प्रजातियों को लाना ।	लागू विधियों के अधीन विनियमित होंगे ।
31.	पारिस्थितिक-पर्यटन।	लागू विधियों के अधीन विनियमित होंगे ।
32.	वाणिज्यिक साइनबोर्ड और होर्डिंग ।	लागू विधियों के अधीन विनियमित होंगे ।
	ग. संवर्धित क्रियाकलाप	
33.	वर्षा जल संचयन ।	सक्रिय रूप से बढ़ावा दिया जाए ।
34.	जैविक खेती ।	सक्रिय रूप से बढ़ावा दिया जाए ।
35.	सभी गतिविधियों के लिए हरित प्रौद्योगिकी को ग्रहण करना ।	सक्रिय रूप से बढ़ावा दिया जाए ।
36.	कुटीर उद्योगों जिसके अंतर्गत ग्रामीण कारीगर आदि भी हैं ।	सक्रिय रूप से बढ़ावा दिया जाए ।
37.	नवीकरणीय ऊर्जा स्रोत और ईंधन का उपयोग ।	बायो गैस, सौर लाइट, आदि का संवर्धन किया जाएगा।
38.	कृषि वानिकी ।	सक्रिय रूप से बढ़ावा दिया जाएगा ।
39.	पारिस्थितिक अनुकूल परिवहन का उपयोग ।	सक्रिय रूप से बढ़ावा दिया जाएगा ।
40.	कौशल विकास ।	सक्रिय रूप से बढ़ावा दिया जाएगा ।
41.	निम्नीकृत भूमि या वन या आवास की बहाली ।	सक्रिय रूप से बढ़ावा दिया जाएगा ।
42.	पर्यावरणीय जागरुकता ।	सक्रिय रूप से बढ़ावा दिया जाएगा ।

5. मानीटरी समिति- केंद्रीय सरकार, पर्यावरण (संरक्षण) अधिनियम, 1986 (1986 का 29) की धारा 3 की उपधारा (3) द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए तीन वर्ष की अवधि के लिए पारिस्थितिक संवेदी जोन की निगरानी प्रभावी के लिए मानीटरी समिति गठित करती है, जो निम्नलिखित से मिलकर बनेगी:--

1. प्रभागीय आयुक्त, रीवा — अध्यक्ष ;
2. प्रभागीय आयुक्त, शहडोल —सदस्य ;
3. जिला कलेक्टर, सिंगरौली — सदस्य;
4. जिला कलेक्टर, शहडोल — सदस्य;
5. जिला कलेक्टर, सिद्धि — सदस्य;
6. अधीक्षक अभियंता, लोक निर्माण विभाग, शहडोल — सदस्य ;
7. अधीक्षक अभियंता, लोक स्वास्थ्य विभाग, शहडोल — सदस्य ;
8. मुख्य कार्यकारी अधिकारी, जिला पंचायत, सिंगरौली — सदस्य ;
9. मुख्य कार्यकारी अधिकारी, जिला पंचायत, शहडोल — सदस्य ;
10. मुख्य कार्यकारी अधिकारी, जिला पंचायत, सिद्धि -—सदस्य ;

11. राज्य सरकार के नगर और ग्राम योजना विभाग का प्रतिनिधि — सदस्य ;
12. राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड का प्रतिनिधि — सदस्य;
13. पर्यावरण के क्षेत्र में कार्य करने वाले गैर सरकारी संगठन का मध्य प्रदेश सरकार द्वारा प्रत्येक मामले में तीन वर्ष की अवधि के लिए नामनिर्दिष्ट किए जाने वाला एक प्रतिनिधि — सदस्य;
14. राज्य के किसी विख्यात संस्थान या विश्वविद्यालय से प्रतिनिधि पारिस्थितिक और पर्यावरण के क्षेत्र से मध्य प्रदेश सरकार द्वारा प्रत्येक मामले में तीन वर्ष की अवधि के लिए नामनिर्दिष्ट किए जाने वाला एक विशेषज्ञ — सदस्य;
15. राज्य जैव विविधता बोर्ड सदस्य — सदस्य;
16. क्षेत्र निदेशक, संजय डुबरी बाघ आरक्षिती — सदस्य सचिव ;

6. निर्देश का निबंधन

(1) मानीटरी समिति का कार्यकाल तीन वर्ष की अवधि के लिए होगी ।

(2) मानीटरी समिति इस अधिसूचना के उपबंधों के अनुपालन को मानीटर करेगी ।

(3) पारिस्थितिक संवेदी जोन में भारत सरकार के तत्कालीन पर्यावरण और वन मंत्रालय की अधिसूचना सं. का.आ. 1533(अ) तारीख 14 सितंबर, 2006 की अनुसूची में के अधीन सम्मिलित क्रियाकलापों और इस अधिसूचना के पैरा 4 के अधीन प्रतिषिद्ध गतिविधियों के सिवाय आने वाले ऐसे क्रियाकलापों की दशा में वास्तविक विनिर्दिष्ट स्थलीय दशाओं पर आधारित मानीटरी समिति द्वारा संवीक्षा की जाएगी और उक्त अधिसूचना के उपबंधों के अधीन पूर्व पर्यावरण निकासी के लिए केन्द्रीय सरकार के पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय को निर्दिष्ट की जाएगी ।

(4) इस अधिसूचना के पैरा 4 के अधीन यथा-विनिर्दिष्ट प्रतिषिद्ध क्रियाकलापों के सिवाय, भारत सरकार के पर्यावरण और वन मंत्रालय की अधिसूचना संख्यांक का.आ. 1533(अ) तारीख 14 सितंबर, 2006 की अधिसूचना के अनुसूची के अधीन ऐसे क्रियाकलापों, जिन्हें सम्मिलित नहीं किया गया है, परंतु पारिस्थितिक संवेदी जोन में आते हैं, ऐसे क्रियाकलापों की वास्तविक विनिर्दिष्ट स्थलीय दशाओं पर आधारित मानीटरी समिति द्वारा संवीक्षा की जाएगी और उसे संबद्ध विनियामक प्राधिकरणों को निर्दिष्ट किया जाएगा ।

(5) मानीटरी समिति का सदस्य-सचिव या संबद्ध उपायुक्त, ऐसे व्यक्ति के विरूद्ध, जो इस अधिसूचना के किसी उपबंध का उल्लंघन करता है, पर्यावरण (संरक्षण) अधिनियम, 1986 की धारा 19 के अधीन परिवाद फाइल करने के लिए सक्षम होगा ।

(6) मानीटरी समिति, मुद्दा दर मुद्दा के आधार पर अपेक्षाओं पर निर्भर रहते हुए संबद्ध विभागों के प्रतिनिधियों या विशेषज्ञों, औद्योगिक संगमों या संबद्ध पणधारियों के प्रतिनिधियों को अपने विचार-विमर्श में सहायता के लिए आमंत्रित कर सकेगी ।

(7) मानीटरी समिति प्रत्येक वर्ष की 31 मार्च तक की राज्य के मुख्य वन्यजीव रक्षक को अपनी वार्षिक कार्रवाई रिपोर्ट **उपाबंध IV** पर उपाबद्ध रूप विधान के अनुसार उक्त वर्ष के 30 जून तक प्रस्तुत करेगी ।

(8) केन्द्रीय सरकार का पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय मानीटरी समिति को अपने कृत्यों के प्रभावी निर्वहन के लिए समय-समय पर ऐसे निदेश दे सकेगा, जो वह ठीक समझे ।

7. इस अधिसूचना के उपबंधों को प्रभाव देने के लिए केंद्रीय सरकार और राज्य सरकार अतिरिक्त उपाय, यदि कोई हों, विनिर्दिष्ट कर सकेंगे ।


8. इस अधिसूचना के उपबंध, भारत के माननीय उच्चतम न्यायालय या उच्च न्यायालय या राष्ट्रीय हरित प्राधिकरण द्वारा पारित कोई आदेश या पारित होने वाले किसी आदेश, यदि कोई हों, के अधीन होंगे ।


[फा.सं. 25/122/2015-ईएसजेड]


ललित कपूर, वैज्ञानिक 'जी'

उपाबंध I

अक्षांश और देशांतर के साथ पारिस्थितिक संवेदी जोन का मानचित्र







मुख्य अवस्थानों के साथ संजय बाघ आरक्षिती के पारिस्थितिक संवेदी जोन की सीमा के भू मण्डलीय स्थिति प्रणाली निर्देशांक

बिंदु नाम	अक्षांश	देशांतर
पू 1	23° 51' 4.984" उ	82° 10' 35.933" पू
पू 2	23° 53' 25.401" उ	82° 14' 37.832" पू
उ 1	24° 5' 35.843" उ	81° 35' 27.404" पू
उ 2	24° 7' 39.568" उ	81° 32' 45.529" पू
द 1	23° 48' 33.513" उ	81° 47' 29.256" पू
द 2	23° 48' 23.213" उ	81° 48' 58.713" पू
प 1	24° 2' 9.668" उ	81° 28' 50.959" पू
प 2	24° 2' 7.881" उ	81° 27' 39.454" पू

उपाबंध II

पारिस्थितिक संवेदी जोन के अंतर्गत आने वाले ग्रामो की सूची के साथ निर्देशांक

पारिस्थितिक संवेदी जोन के अंतर्गत आने वाले ग्रामो की सूची के साथ निर्देशांक

क्रम. सं .	राज्य	जिला	प्रभाग	राजस्व	अक्षांश (डी डी)	देशांतर (डी डी)	विस्तार (हेक्टेयर)
1	मध्य प्रदेश	शहडोल	उत्तर शहडोल	बुचरो	24.06114528	81.52151722	1794.853
2	मध्य प्रदेश	शहडोल	उत्तर शहडोल	कुदारा	23.91503278	81.52030056	693.179
3	मध्य प्रदेश	शहडोल	उत्तर शहडोल	काइलरी	23.96599944	81.50953639	1938.728
4	मध्य प्रदेश	शहडोल	उत्तर शहडोल	जमुरी	23.88525167	81.55605833	1915.454
5	मध्य प्रदेश	शहडोल	उत्तर शहडोल	बेलहा	23.91849667	81.53654583	493.147
6	मध्य प्रदेश	शहडोल	उत्तर शहडोल	मीथउली	23.88924972	81.53362889	289.247
7	मध्य प्रदेश	शहडोल	उत्तर शहडोल	कुथुली	2388027861	81.5836125	843.066
8	मध्य प्रदेश	शहडोल	उत्तर शहडोल	खरगरी	23.86470222	81.60479889	1579.521

9	मध्य प्रदेश	शहडोल	उत्तर शहडोल	धोनहा	23.986195	81.48775389	1299.505
10	मध्य प्रदेश	शहडोल	उत्तर शहडोल	पालाहा	23.91116083	81.52471694	71.81
11	मध्य प्रदेश	शहडोल	उत्तर शहडोल	पीपरी	23.87020083	81.54230167	180.02
12	मध्य प्रदेश	शहडोल	उत्तर शहडोल	बनसा	24.1077325	81.50593056	298.25
13	मध्य प्रदेश	शहडोल	उत्तर शहडोल	खादहा	23.98067361	81.49064639	507.46
14	मध्य प्रदेश	शहडोल	उत्तर शहडोल	सरबरी	24.04489333	81.4979525	341.96
				उत्तर शहडोल कुल	**12246.197**		
15	मध्य प्रदेश	सिद्धि	संजय टी आर	बरकादोल	24..07353472	81.57295167	249.23
16	मध्य प्रदेश	सिद्धि	संजय टी आर	बसतुआ	24.00224861	81.73506556	1185.39
17	मध्य प्रदेश	सिद्धि	संजय टी आर	गोलीफरी	23.89886111	81.90297222	201.47
18	मध्य प्रदेश	सिद्धि	संजय टी आर	कुदरिया	24.033250583	81.70979139	330.09
19	मध्य प्रदेश	सिद्धि	संजय टी आर	पीपराही	24.03804111	81.69738222	735.06
20	मध्य प्रदेश	सिद्धि	संजय टी आर	पोनरी	23.96293028	81.77484833	1133.9
				संजय बाघ आरक्षित कुल	**3835.14**		
21	मध्य प्रदेश	सिद्धि	सिद्धि	अमगॉव	23.98001278	81.81507694	1170.41
22	मध्य प्रदेश	सिद्धि	सिद्धि	अराडंडी	23.88909472	82.23856444	34.19
23	मध्य प्रदेश	सिद्धि	सिद्धि	अनरोला	23.8721775	82.15683694	445.81
24	मध्य प्रदेश	सिद्धि	सिद्धि	बखही	23.97058417	81.99451361	401.7
25	मध्य प्रदेश	सिद्धि	सिद्धि	बेलगॉव	23.89326444	82.13598806	129.02
26	मध्य प्रदेश	सिद्धि	सिद्धि	बैनल	23.86788861	82.12681472	186.45
27	मध्य प्रदेश	सिद्धि	सिद्धि	बेनदो	23.93543889	82.20335972	279.47
28	मध्य प्रदेश	सिद्धि	सिद्धि	भागवर	23.96700167	81.97676056	305.71
29	मध्य प्रदेश	सिद्धि	सिद्धि	आमराही	23.98142556	82.21455861	28.47
30	मध्य प्रदेश	सिद्धि	सिद्धि	मनवरखी	24.00096389	82.08172139	274.98
31	मध्य प्रदेश	सिद्धि	सिद्धि	भुइमर	23.96820139	82.14283833	296.77
32	मध्य प्रदेश	सिद्धि	सिद्धि	बटु	23.9521775	82.12300222	155.53
33	मध्य प्रदेश	सिद्धि	सिद्धि	छनगोहर	23.99762806	81.94620389	484
34	मध्य प्रदेश	सिद्धि	सिद्धि	दादरी	23.87652583	81.7395025	365.37
35	मध्य प्रदेश	सिद्धि	सिद्धि	देवरी	23.98053194	82.12240667	334.47
36	मध्य प्रदेश	सिद्धि	सिद्धि	धर्मादवरी	23.98290861	81.90544861	261.55
37	मध्य प्रदेश	सिद्धि	सिद्धि	धूपखर	24.00870861	81.8666625	802.89
38	मध्य प्रदेश	सिद्धि	सिद्धि	दोगहारा	23.91131361	82.20341917	121.95
39	मध्य प्रदेश	सिद्धि	सिद्धि	दूहकुरिया	23.97576639	81.79257778	181.57
40	मध्य प्रदेश	सिद्धि	सिद्धि	दूवरी	23.98738222	81.935005	661.71
41	मध्य प्रदेश	सिद्धि	सिद्धि	गडवही	23.92972028	82.1595175	109.74
42	मध्य प्रदेश	सिद्धि	सिद्धि	गइबाटा	23.97576639	82.12901861	350.74
43	मध्य प्रदेश	सिद्धि	सिद्धि	गनजर	23.91202861	81.90361278	407.97
44	मध्य प्रदेश	सिद्धि	सिद्धि	घाटीटोआ	23.96373361	82.12050028	487.07

45	मध्य प्रदेश	सिद्धि	सिद्धि	घोरबंध	23.912505	82.22956972	352.97
46	मध्य प्रदेश	सिद्धि	सिद्धि	हाइकी	23.91390833	81.73669833	222.66
47	मध्य प्रदेश	सिद्धि	सिद्धि	हरदी	23.86622056	81.73098417	502.8
48	मध्य प्रदेश	सिद्धि	सिद्धि	हरराई	23.87557278	82.10422383	256.8
49	मध्य प्रदेश	सिद्धि	सिद्धि	हरराईया	2398899056	81.92303194	199.52
50	मध्य प्रदेश	सिद्धि	सिद्धि	जवरटोला	23.88057667	82.118475	125.51
51	मध्य प्रदेश	सिद्धि	सिद्धि	जुरी	23.92209556	81.9677675	1124.38
52	मध्य प्रदेश	सिद्धि	सिद्धि	कमच	23.97124778	81.8414825	372.56
53	मध्य प्रदेश	सिद्धि	सिद्धि	करइल	23.9556325	82.15230972	143.73
54	मध्य प्रदेश	सिद्धि	सिद्धि	करौनाटी	23.97266139	81.85252639	673.6
55	मध्य प्रदेश	सिद्धि	सिद्धि	सरसोती	24.01776194	82.01816222	308.24
56	मध्य प्रदेश	सिद्धि	सिद्धि	कथाउतिया	23.96230417	82.15028444	106.97
57	मध्य प्रदेश	सिद्धि	सिद्धि	केसखरा	23.96111278	82.2084825	27.96
58	मध्य प्रदेश	सिद्धि	सिद्धि	केसलर	23.91899806	82.1436725	366.22
59	मध्य प्रदेश	सिद्धि	सिद्धि	खाइरी	23.9094075	81.723955	300.08
60	मध्य प्रदेश	सिद्धि	सिद्धि	खामड़िया	23.92513361	82.1546925	86.16
61	मध्य प्रदेश	सिद्धि	सिद्धि	खमचौरा	24.08943722	82.1546925	376.67
62	मध्य प्रदेश	सिद्धि	सिद्धि	खोखारा	24.04509028	81.87283472	474.31
63	मध्य प्रदेश	सिद्धि	सिद्धि	कोरर	23.97004806	81.96913778	693.72
64	मध्य प्रदेश	सिद्धि	सिद्धि	कोला	23.85174556	81.74325528	443.45
65	मध्य प्रदेश	सिद्धि	सिद्धि	कोटमा	23.93948944	81.95603278	340.15
66	मध्य प्रदेश	सिद्धि	सिद्धि	कुनदोर	23.83059889	81.82379139	638.98
67	मध्य प्रदेश	सिद्धि	सिद्धि	कुरचु	23.84269111	82.18137917	484.16
68	मध्य प्रदेश	सिद्धि	सिद्धि	कुसमी	23.97671944	82.00190028	612.19
69	मध्य प्रदेश	सिद्धि	सिद्धि	कुथर	24.06795167	816293825	670.02
70	मध्य प्रदेश	सिद्धि	सिद्धि	लदगट	23.95688333	81.87877278	145.55
71	मध्य प्रदेश	सिद्धि	सिद्धि	लूरघुटी 1	23.87122444	81.75701556	474.49
72	मध्य प्रदेश	सिद्धि	सिद्धि	लूरघुटी 2	23.8672	81.758765	388.7
73	मध्य प्रदेश	सिद्धि	सिद्धि	मचेरी	23.94449306	81.15975583	58.71
74	मध्य प्रदेश	सिद्धि	सिद्धि	मच्चार काटा	23.96957139	82.16922722	1507
75	मध्य प्रदेश	सिद्धि	सिद्धि	मझौली	24.08972806	81.62238444	314.465
76	मध्य प्रदेश	सिद्धि	सिद्धि	मनवरी	23.92989889	82.00547417	78.02
77	मध्य प्रदेश	सिद्धि	सिद्धि	मटखनिया	24.03199889	81.73068639	1338
78	मध्य प्रदेश	सिद्धि	सिद्धि	मेरारिया	23.95593028	81.89363472	1104.37
79	मध्य प्रदेश	सिद्धि	सिद्धि	मेरकी	24.02124889	81.75791556	135.16
80	मध्य प्रदेश	सिद्धि	सिद्धि	ननगपोखर	23.87831306	81.71096917	110.39
81	मध्य प्रदेश	सिद्धि	सिद्धि	नौरहिया	23.90944672	81.91290528	288.84
82	मध्य प्रदेश	सिद्धि	सिद्धि	नौरहिया देवरथ	23.93448583	81.98450639	374.34

83	मध्य प्रदेश	सिद्धि	सिद्धि	नीगन्नी	2398491667	81.79493111	122.29
84	मध्य प्रदेश	सिद्धि	सिद्धि	पीपराहा	23.96760556	81.92243611	735.06
85	मध्य प्रदेश	सिद्धि	सिद्धि	पोरी	24.10202722	81.57896917	381.08
86	मध्य प्रदेश	सिद्धि	सिद्धि	पुरहदोल	23.87807472	82.12645722	187
87	मध्य प्रदेश	सिद्धि	सिद्धि	रोहल	23.92960111	81.94656139	456.92
88	मध्य प्रदेश	सिद्धि	सिद्धि	साजादोल	23.99050833	81.87231694	242.06
89	मध्य प्रदेश	सिद्धि	सिद्धि	सरायेहा	24.08342917	81.65758083	397.51
90	मध्य प्रदेश	सिद्धि	सिद्धि	सरसारी	23.83685361	81.78316583	48.06
91	मध्य प्रदेश	सिद्धि	सिद्धि	सेमरा	23.95604944	82.13694111	286.59
92	मध्य प्रदेश	सिद्धि	सिद्धि	सोनगढ़	23.99040639	82.11777111	387.55
93	मध्य प्रदेश	सिद्धि	सिद्धि	तल	23.83697278	81.74397	234.31
94	मध्य प्रदेश	सिद्धि	सिद्धि	त्रिचूली	23.95443972	81.87023694	88.39
सिद्धि कुल			**26709.905**				
95	मध्य प्रदेश	सिंगरौली	सिंगरौली	भरसेरा	24.01014278	82.06061778	650
96	मध्य प्रदेश	सिंगरौली	सिंगरौली	झारा	23.99975	82.04935194	500
97	मध्य प्रदेश	सिंगरौली	सिंगरौली	पारासी	24.03537222	82.03630611	120
98	मध्य प्रदेश	सिंगरौली	सिंगरौली	बनजरी	24.01913556	820026675	810
सिंगरौली कुल			**2080**				
99	छत्तीसगढ़	महेन्द्रगढ़	महेन्द्रगढ़	बरवही	23.90590639	81.65047917	257.78
100	छत्तीसगढ़	महेन्द्रगढ़	महेन्द्रगढ़	मरीसराई	23.8406425	81.67514167	361.79
101	छत्तीसगढ़	महेन्द्रगढ़	महेन्द्रगढ़	बरच्चा	23.86398889	81.64316556	77.23
	महेन्द्रगढ़ कुल						**696.77**
	कुल योग (हेक्टेयर)						**45568.012**
	वर्ग किलोमीटर में कुल क्षेत्र						**455.68012**

उपाबंध III

पारिस्थितिक संवेदी जोन के सामान्य क्षेत्र

क्र.सं.	**राज्य**	**जिला**	**वन प्रभाग**	**विधि स्थिति (क्षेत्र (हेक्टेयर))**			
				आरक्षित वन	**संरक्षित वन**	**राजस्व**	**कुल क्षेत्र**
1	मध्य प्रदेश	सिद्धि	संजय टी आर	48.570	0.000	3835.140	3883.710
2	मध्य प्रदेश	शहडोल	उत्तर शहडोल	11614.750	521.600	12246.197	24382.547
3	मध्य प्रदेश	सिद्धि	सिद्धि	32992.870	11185.362	26709.905	70888.137
4	मध्य प्रदेश	सिंगरौली	सिंगरौली	814.000	0.000	2080.000	2894.000
5	छत्तीसगढ़	महेन्द्रगढ़	महेन्द्रगढ़	1736.327	842.857	696.770	3275.954
				47206.517	**12549.819**	**45568.012**	**105324.348**
(हेक्टेयर) में कुल क्षेत्र							**105324.348**

IndiaCode

वर्ग किलोमीटर में कुल क्षेत्र	**1053.24348**

उपाबंध IV

पारिस्थितिक संवेदी जोन मानीटरी समिति - की गई कार्रवाई की रिपोर्ट का रूप विधान

1. बैठकों की संख्या और तिथि ।
2. बैठकों का कार्यवृत : कृपया मुख्य उल्लेखनीय बिंदुओं का वर्णन करें । बैठक के कार्यवृत्त को एक पृथक अनुबंध में उपाबद्ध करें ।
3. आंचलिक महायोजना की तैयारी की प्रास्थिति जिसके अंतर्गत पर्यटन महायोजना।
4. भू-अभिलेख में सदृश्य त्रुटियों के सुधार के लिए ब्यौहार किए गए मामलों का सारांश ।
5. पर्यावरण समाघात निर्धारण अधिसूचना, 2006 के अधीन आने वाली गतिविधियों की संविक्षा के मामलों का सारांश । ब्यौरे एक पृथक् उपाबंध के रूप में उपाबद्ध किए जा सकते हैं ।
6. पर्यावरण समाघात निर्धारण अधिसूचना, 2006 के अधीन न आने वाली गतिविधियों की संविक्षा के मामलों का सारांश । ब्यौरे एक पृथक् उपाबंध के रूप में उपाबद्ध किए जा सकते हैं ।
7. पर्यावरण (संरक्षण) अधिनियम, 1986 की धारा 19 के अधीन दर्ज की गई शिकायतों का सारांश ।
8. कोई अन्य महत्वपूर्ण विषय ।

IndiaCode

MINISTRY OF ENVIRONMENT, FOREST AND CLIMATE CHANGE

NOTIFICATION

New Delhi, the 28th August, 2017.

S. O. 2811(E). — WHEREAS, a draft notification was published in the Gazette of India, Extraordinary, vide notification of the Government of the India in the Ministry of Environment, Forest and Climate Change number S.O. 1277 (E), dated the 31st March, 2016, inviting objections and suggestions from all persons likely to be affected thereby within the period of sixty days from date on which copies of the Gazette containing the said notification were made available to the public;

AND WHEREAS, copies of the Gazette containing the draft notification were made available to the public on the 31st March, 2016.

AND WHEREAS, objections and suggestions received from persons and stakeholders in response to the draft notification were duly considered by the Central Government;

AND WHEREAS, the Sanjay Dubri Tiger Reserve which includes Sanjay National Park and Sanjay Dubri Wildlife Sanctuary is spread over an of 1674.512 square kilometres of which 812.581 square kilometres is Core Area of the Tiger Reserve and 861.931 square kilometre is the Buffer Area and that the Tiger Reserve including both Core and Buffer Area is spread over the States of Madhya Pradesh and Chhattisgarh;

AND WHEREAS, the Sanjay National Park (464.643 sq.km.) and Sanjay Dubari Wildlife Sanctuary (347.938 sq.km.)are located in Madhya Pradesh and both the Protected Areas together constitute the core area of the Sanjay Dubri Tiger Reserve which is spread over 812.581 square kilometers;

AND WHEREAS, Sanjay National Park and Sanjay Dubri Wildlife Sanctuary has dry to moist deciduous peninsular type of vegetation which are characterised by open to very dense forest areas;

AND WHEREAS, Sanjay National Park and Sanjay Dubri Wildlife Sanctuary form part of Bandhavgarh-Sanjay-Guru Ghasidas-Palamau landscape which is one of the four potential tiger meta-population landscape;

AND WHEREAS, Sanjay National Park and Sanjay Dubri Wildlife Sanctuary provides corridor connectivity with Bandhavgarh Tiger Reserve for tigers and corridor connectivity for wild elephants of Palamu Tiger Reserve;

AND WHEREAS, the Sanjay National Park and Sanjay Dubri Wildlife Sanctuary is home to a wide variety of fauna; it provides shelter to 9 threatened (3 critically endangered, 3 endangered and 3 vulnerable) and 15 schedule-I animals; tigers, panthers and sloth bears are the major species found in the said reserve; occasional visiting herds of elephants are the other major attraction of the said reserve while cheetals, blue-bulls, sambars, four horned antelopes, chinkaras, barking deer and wild pigs are the major prey species; Dubari and Bastua ranges of the Sanjay Dubari Sanctuary and Pondi range of the Sanjay National Park provides shelter to the tiger population, while the Mohan range of the National Park plays host to the visiting population of elephants;

AND WHEREAS, various perennial rivers, viz., Gopad, Banas, Mawai, Mahan, Kodmar, Umrari flow through the Sanjay National Park and Sanjay Dubri Wildlife Sanctuary;

AND WHEREAS, wide variety of fauna is present in Sanjay National Park and Sanjay Dubri Wildlife Sanctuary which inter alia include Tiger, Panther, Sloth bear, Cheetal, Sambhar, Four Hhorned Antelopes, Chinkara, Barking Deer and Wild Pig;

